# बिना स्वीकृति व मूल्यांकन आहरित कर रहे भारी बजट

## ग्राम पंचायत में सरपंच व सचिव उगा रहे भ्रष्टाचार की खेती

जिले की ग्रामपंचायतों में नियमों का बस्ता बंद कर भ्रष्टाचार की खेती उगाई जा रही है। लेकिन जिला प्रशासन और अन्य सक्षम अधिकारी मूकदर्शी बने बैठे हैं। जिससे भ्रष्ट गतिविधियों को अंजाम देने वालों के हौसले बुलंद हैं। शासन का भारी भरकम बजट खाली हो जाता है लेकिन ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पाता है।

उमरिया।



विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार ही चल रहा है, पंचायतों के पदाधिकारी अपनी तिजोरियां भरने में लगे हुए हैं। करकेली जनपद की बड़ागांव पंचायत भी सरपंच व सचिव के भ्रष्टाचार के कारण इन दिनो सुर्खियों में है। जहां लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किया गया है, इसकी शिकायतें भी हुईं लेकिन अधिकारी सुनवाई करने को तैयार नहीं। कारण यह है कि सबके आर्थिक समीकरण बने हुए हैं।

### मनमानी राशि आहरित कर रहे

ग्राम पंचायत बड़ागांव जनपद पंचायत करकेली के सचिव कमलेश चौधरी द्वारा बिना मासिक बैठक तथा बिना मूल्यांकन एवं उपसरपंच एवं पचों को जानकारी दिए राशि आहरण कर ली जाती है। आहरित की गई राशि का बंदरबांट किया जाता है। शासन की राशि का दुरूपयोग सरपंच, सचिव के द्वारा दुरूपयोग किया जाता है। पूर्व में 20 अगस्त 2023 को मनरेगा के तहत सामग्री का फर्जी बिल लगाकर 2,94,000 रुपए (दो लाख चौरानबे हजार रूपये) की राशि सरपंच, सचिव के द्वारा आहरित कर ली गई थी। इसकी जानकारी न तो उपसरपंच को दी गई थी और ना ही ग्राम पंचायत के पंचों को दी गई थी। लमरा नाला पुलिया निर्माण के लिए दिनांक 12 नवम्बर 2023 को दो बिल फर्जी लगाकर 24,330/-रूपये की राशि निकाल ली गई है। 22 दिसम्बर 2023 को 21,000/रूपये की राशि सरपंच और सचिव के द्वारा फर्जी बिल लगाकर आहरित कर ली गई है, तथा इस राशि सरपंच और सचिव के द्वारा अपने निजी उपयोग के लिये किया गया है।

### राशि का किया था गबन

पूर्व में भी सचिव कमलेश चौधरी के द्वारा ग्राम छादाकला एवं पटपरा में अपनी पदस्थापना के दौरान शासकीय राशि का गमन किया गया था।, जिस कारण इनकों दोनों पंचायतों से हटा दिया गया था। बड़ी कोशिशों के बाद और अफसरों को संतुष्ट करने के बाद यहां का प्रभार मिला तो यहां भी वही हरकत अंजाम देने में जुटे हैं। पंचों को मासिक बैठक की जानकारी नहीं दी जाती है और बिना मासिक बैठक के राशि आहरण करदी जाती है। भुगतान से पूर्व कोई भी वैधानिक प्रक्रिया नहीं की जाती है। जैसे बगैर मूल्यांकन के राशि इनके द्वारा न तो देयक प्रस्तुत किये जा रहे है ना ही कैश बुक बाउचर का संधारण किया जाता है।

### कार्य के लिए भटक रहे ग्रामीण

सचिव द्वारा ग्राम पंचायत का कार्यालय भी नहीं खोला जाता है, जिससे ग्रामवासियों को अपने काम कराने के लिये भटकना पड़ता है। नल-जल योजना 16 अक्टूबर 2022 से बंद है। गर्मी में हैण्ड पंप का पानी में सूख जाता है, जिससे ग्रामवासियों का पानी के लिये बहुत किल्लत होती है। ग्राम सभा के लिये सचिव द्वारा ना ही मुनादी करवाई की जाती है और ना ही ग्राम सभा की किसी भी प्रकार की कोई जानकारी दी जाती है। सरपंच, सचिव ही बैठकर ग्रामसभा को स्थगित भी कर देते है। जबकि सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति के बिना निर्माण कार्य में किसी प्रकार का परिवर्तन वर्जित है।

### सूचना पटल का पता नहीं

योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य पर समान वित्तीय और लेख परीक्षा प्रक्रिया लागू होगी। निर्माण कार्य स्वीकृत होने के उपरांत एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करना चाहिए। कार्य बंद या देर से प्रारंभ होने पर प्रशासकीय स्वीकृत राशि पर आने वाली अंतर की राशि की जिम्मेदारी कार्यकारी विभाग की होगी। कार्य पूर्ण होने कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र, स्थान के फोटो एवं एम.बी.की सत्यापित छायाप्रति तत्काल भेजे। निर्माण स्थल पर सूचना पटल अनिवार्य रूप से लगाया जाये। यह सब नियम होने के बावजूद यहां सूचना पटल नहीं लगाया जाता है। जबकि सूचना पटल लगाया जाना एक अनिवार्य प्रक्रिया मानी जाती है।

## खबर संक्षेप

### सट्टा पर्ची काटते दो धराये

**शहडोल।** थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत 10 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रेल्वे ग्राउण्ड के पास एक व्यक्ति कागज पर अंक लिखकर रूपये-पैसों से हार जीत का दांव लगवाकर सट्टा-पर्ची काट रहा है। जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी अरूण उर्फ धोनी पिता भोजराज मंछवानी उम्र 26 वर्ष निवासी देवान्ता अस्पताल के पास के कब्जे से सट्टा पर्ची, डॉट पेन एवं नगदी 340 रुपये जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक कामता प्रसाद पयासी की सराहनीय भूमिका रही। इसी प्रकार थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत 10 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि धनपुरी में एक व्यक्ति कागज पर अंक लिखकर रूपये-पैसों से हार जीत का दांव लगवाकर सट्टा पर्ची काट रहा है। जिस पर धनपुरी पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी सूरज कोल पिता गोविन्द कोल उम्र 29 साल निवासी धनपुरी के कब्जे से सट्टा पर्ची, डॉट पेन एवं नगदी 720 रुपये जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सउनि भूपेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### श्री गुरु गोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर शोभा यात्रा आज

**शहडोल।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद साहिब जी का प्रकाश पर्व 17 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर सिख समाज द्वारा शोभा यात्रा 12 जनवरी को निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में श्री गुरुग्रन्थ साहिबजी विशेष रूप से सजे हुए वाहन पर होंगे। गुरुग्रन्थ साहिब के सामने पंज प्यारे होगे। शोभा यात्रा दोपहर 12 बजे गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा घरौला मोहल्ला से प्रारंभ होगी। शोभा यात्रा घरौला मोहल्ला, जेल बिल्डिंग, गांधी चौक, बुढार चौक, बायपास तिराहा से वापस बुढ़ार चौक होते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा घरौला मोहल्ला में समाप्त होगी। समाप्ति के उपरांत देर शाम को गुरुजी का लंगर गुरुद्वारा में बरताया जाएगा। शोभा यात्रा के लिए पंजाब से गतका पार्टी बुलाई गई है जोकि नगर के विभिन्न चौकों पर गतका का प्रदर्शन करेगी। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की प्रबंधक कमेटी ने नगर की सिख संगत सहित आम लोगों से निवेदन किया है अधिक से अधिक संख्या में गुरु श्री गुरु गोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होकर गुरु की खुशियां एवं आशीर्वाद प्राप्त करें।

### नदी के किनारे मिले दो तेंदुए के शावक

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर रेंज के बल्होड बीट में सोन नदी के किनारे तेंदुए के दो शावक देखे गए है। जिनकी उम्र तकरीबन 6 माह के अंदर की बताई जा रही है। बुधवार की शाम को इसकी जानकारी लगते ही पार्क अमला सजग हो गया और मौके पर जिम्मेदार अधिकारी पहुंच गए। पार्क अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल दोनो तेंदुए शावक स्वस्थ और तंदुरुस्त है। पार्क टीम अब इन दोनो तेंदुए शावक पर मौके पर ही निगाह रखे हुए है।
सूत्रों की माने तो पार्क टीम दोनो शावकों की मां यानी मादा तेंदुए का इंतज़ार कर रही है। अगर मादा तेंदुआ मौके पर नही आई तो पार्क अमला मौके पर कैमरा लगाकर इन दोनों शावकों की मोनिटरिंग की जाएगी। और फिर भी मादा तेंदुआ मौके पर नही पहुंची,तो दोनो तेंदुए शावकों को कब्जे में लेकर स्वास्थ्य का परीक्षण कर सतत निगरानी की जाएगी।

### 441 समन-वारंट की हुई तामीली

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा लंबित समन एवं वारंटों की तामीली हेतु 02 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। 09-10 जनवरी को चलाये गए इस विशेष अभियान में अधिक से अधिक लंबित वारंटो एवं समन की तामीली हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में नौरोजाबाद नगर परिषद को मिला फास्ट मूविंग सिटी का अवार्ड

**नौरोजाबाद।** नगर परिषद न ने जीता स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नेशनल में फास्ट मूविंग सिटी का पहला अवार्ड। नौरोजाबाद निकाय स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में 163 वीं रैंक से स्वच्छ सर्वेक्षण में 3 रैंक में है, जो कि फास्ट मूविंग सिटी में पहले पायदान में है। इस उपलब्धि में कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य एवं



संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास आर.पी. सोनी के निर्देशन में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कुशल सिंह एवं तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्वच्छता नोडल सुखेन्द्र सिंह तोमर, स्वच्छ भारत मिशन ब्राण्ड एम्बेसडर राजमणि सिंह, स्वच्छता प्रभारी कालीचरण महोबिया, वार्ड दरोगा प्रदीप सरवरी, रोहित हरिजन और रुपेश हरिजन, संभागीय स्वच्छ भारत मिशन पीआईयू टीम के धीरेन्द्र दुबे और सज्जन सिंह, निकाय के स्वच्छ भारत मिशन सलाहकार रुपेश द्विवेदी एवं टीम से जया पांडे, हेमलता सिंह एवं अनीश, निकाय के सोशल मीडिया प्रभारी दुर्गा रजक निकाय सभी सफाई मित्रों, कचरा संग्रहण वाहन के सभी चालकों एवं सहायकों और निकाय के समस्त अन्य अधिकारी कर्मचारीगणों ने अपना विशेष योगदान दिया जिससे निकाय को यह सफलता प्राप्त हुई। नगर परिषद अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के. के. पांडे के द्वारा स्वच्छता में नगर के नागरिकों के विशेष सहयोग के लिए शुभकामनाएं दी गई और इस रैंक को बनाये रखने एवं आंगे और अच्छा करने के लिए अपील किया गया।

# युवाओं ने राखड़ में फंसी गाय की बचाई जान







बकहो।

नगर परिषद के अंतिम छोर में शारदा खुली खदान के द्वारा कोल उत्खनन के बाद छोड़ी गई खाईयों में की जा रही राखड़ की फिलिंग में गाय समा गई थी, बकहो बस्ती के अंतिम छोर पर हिन्दुस्तान पॉवर प्रोजेक्ट (मोजर वेयर) के द्वारा इस स्थान पर राखड़ की फिलिंग की जा रही है, कंपनी के कारिंदो की लापरवाही के कारण यहां पशुओं के घुसने संबंधी कोई भी रोक नहीं लगाई गई है, जिससे आवारा और पालतू पशु यहां चरते रहते हैं। बीते दिवस देर शाम को दलदलनुमा पानी से भरे राखड़ वाले क्षेत्र में गाय जाकर फंस गई, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों के माध्यम से पूरी बस्ती में फैल गई, रात लगभग 9 बजे के आस-पास यह जानकारी बाहर आई और उसके बाद लगभग 11 बजे से युवाओं ने रेस्क्यू शुरू किया, सुबह करीब 4 बजे तक कड़ाके की ठण्ड में युवाओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर आखिरकार गौवंश को बचा लिया।

50 एकड़ से अधिक क्षेत्र में मोजर वेयर कंपनी से ठेका पाकर राजू सिंह नामक व्यक्ति द्वारा यहां राखड़ लाकर डाली जाती है, गांव के ही रहने वाले हेमंत साहू की गाय जिस स्थान पर फंसी थी, वहां चारो तरफ राखड़ का दलदल है, दिन में भी कोई व्यक्ति उधर जाने की हिम्मत नहीं जुटाता, गाय को बचाने के लिए यहां पहले जेसीबी लाई गई, लेकिन मशीन जब राखड़ में धसने लगी तो, मेनसोल कंपनी की दूसरी मशीन यहां आई, वह भी रस्सों के माध्यम से गाय को बचाने में नाकाम रही। मशीनों के माध्यम से गाय को बचाने में लगे गांव के रमेश नापित, मनहर साहू, महेन्द्र सिंह, जीतेन्द्र यादव, सोनू महरा, कपिल साहू, आकाश नापित, राज केवट, अरूण यादव, राजेश केवट, सरोज यादव, जगरनाभ केवट, नानभईया केवट ने लगभग 4 से 5 घंटो की मेहनत कर गौवंश की जान बचाई।

पुलिस और प्रशासनिक मैनेजमेंट से मोजर वेयर से राखड़ लाकर यहां डम्प करने वाले मेनसोल के राजू सिंह व पीएनसी कंपनी के भदौरिया की लापरवाही के कारण यहां आये दिन चौपाये काल के गाल में समा जाते हैं। प्रतिदिन अनूपपुर जिले के जैतहरी स्थित पॉवर प्लांट से ओव्हर लोड राखड़ से लदे वाहन पूरे क्षेत्र में धूल उड़ाते, ओव्हर लोड के नियमों को तोड़ते, पुलिसिया मैनेजमेंट से यहां पहुंचते हैं। स्थल पर भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और श्रम नियमों का खुलकर माखौल उड़ाया जा रहा है। स्थल के चारो तरफ बैरीकेट और पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण चौपाए दिन भर यहां आते हैं और काल का ग्रास बनते हैं।

# विधायक ने नवीन छात्रावास का किया शुभारंभ

जयसिंहनगर।



पाण्डेय शिक्षा समिति के द्वारा संचालित आवासीय आदिवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नव निर्मित छात्रावास भवन का उद्घाटन गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी से नव निर्वाचित विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के द्वारा किया गया। नवीन छात्रावास भवन के उद्घाटन पश्चात विद्यालय में आयोजित अभिभावक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह मुख्यअतिथि के रूप मे शामिल हुईं, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला शुक्ला ने की, वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय उपस्थित रहे।

अतिथियों की उपस्थिति मे विद्यालय की छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा कायक्रम की मुख्यातिथि श्रीमती मनीषा सिंह का श्रीफल एवं शाल भेंट कर स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे छात्राओं से चर्चा करते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यअतिथि विधायक श्रीमती सिंह ने अपने भाषण की शुरुआत छात्राओं के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि निकट भविष्य मे छात्र-छात्राओं को 12 वीं के बाद जयसिंहनगर में ही बेहतर शिक्षा के विकल्प मिले ऐसी सुविधा की व्यवस्था पर मुख्य रूप से प्रयास किया जाएगा। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में छात्र-छात्राओं को लेकर कई योजनाए संचालित की जा रही है मेधावी छात्र योजना के माध्यम से लैपटॉप एवं स्कूटी वितरण जैसी योजनाएं छात्र-छात्राओं के लिए चलाई जा रही है, बच्चो के भविष्य को धयान में रखते हुए उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जयसिंहनगर विधानसभा मेरा क्षेत्र होने के नाते बच्चो के भविष्य को संवारने की दृष्टि से जो भी सहयोग मेरे द्वारा अपेक्षित होगा उसे पूर्ण करने मैं सदैव आपके साथ हूँ, साथ ही सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना विधायक ने अपने उद्बोधन मे की। कार्यक्रम मे जयसिंहनगर भाजपा मंडल के मंडल उपाध्यक्ष एवं नगर परिषद अंत्योदय समिति अध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता जय प्रकाश पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष यमुना प्रसाद मिश्रा, दीपक केशरवानी, जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा हीरालाल पाल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष जयश्री कचेर, मंडल महामंत्री श्रीमती कविता सिंह, हिमांशु गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष एवं पार्षद दिवाकर पयासी, पार्षद नीरज शर्मा, पंकज पाण्डेय, राम निवास पयासी, चक्रधारी शुक्ला, नीलेश गुप्ता, दीपक पयासी, सूरज पयासी एवं अन्य अतिथियों के साथ संस्था व्यवस्थापक सनत पाण्डेय, ओम प्रकाश तिवारी, बीआरसी जयसिंहनगर सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# खेल से होता है सर्वांगीण विकास : जितेंद्र

**अमलाई।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब विवेक नगर के तत्वावधान में आयोजित क्षेत्रीय क्रिकेट मैच का समापन विगत दिवस संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद उत्कृष्ट समाजसेवी जितेन सिंह चचाई रहे। श्री सिंह ने मुख्य अतिथि के आसंदी से से खिलाड़ियों के लिए अपने वक्तव्य के रूप में उनके लिए कहा कि खेल से सर्वांगीण होता है, विकास खिलाड़ी भावना संपूर्ण जीवन एकता को बनाए रखती है, उन्होंने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के सभी सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की तथा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेलों के विविध आयोजनों के माध्यम से अपने खिलाड़ी भावना और खेल प्रतिस्पर्धा में अग्रसर रहे एवं आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। 5000 की नगद राशि प्रदान की गई। जिसे देखकर खिलाड़ी साथियों में जबरदस्त उत्साह दिखा फाइनल मैच में विवेक नगर तथा शहडोल के मध्य खेला गया जिसमें विवेक नगर की टीम विजेता रही, खिलाड़ी श्यामू विवेक नगर को मैन ऑफ द मैच तथा सभी खिलाड़ियों को आकर्षक पारितोषिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह चचाई के कर कमल के द्वारा वितरित किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच के समापन के बाद एफसीसी विवेक नगर के अब्दुल कलाम, सोनू, संतोष सिंह परिहार एवं अन्य आयोजक मंडल के सभी सदस्यों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया एवं मुख्य अतिथि से भविष्य में भी इस प्रकार खिलाड़ियों युवा साथियों समाजसेवियों कि जिस प्रकार हमेशा सहयोग करते रहते हैं।



# संभागीय प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा की गई प्रथम समीक्षा बैठक

## कानून व्यवस्था एवं अन्य मुद्दों पर किया गया मंथन

**शहडोल।** 11 जनवरी को गृह मंत्रालय द्वारा शहडोल संभाग के लिये नियुक्त किये गए संभागीय प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (तकनीकी सेवायें) पुलिस मुख्यालय भोपाल योगेश मुदगल की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन पुराना कंट्रोल रूम में किया गया। उक्त बैठक में डी.सी. सागर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन, सुश्री सविता सोहाने पुलिस उपमहानिरीक्षक शहडोल रेंज, कुमार प्रतीक पुलिस अधीक्षक शहडोल, जितेन्द्र सिंह पंवार पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं प्रतिपाल सिंह महोबिया प्रभारी पुलिस अधीक्षक उमरिया मौजूद रहे। बैठक में योगेश मुदगल के द्वारा मुख्यमंत्री की कानून-व्यवस्था को लेकर प्राथमिकताएं बताई गई। बैठक में संभाग के तीनों जिलों की कानून व्यवस्था, धार्मिक स्थलों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में की गई कार्यवाही, गंभीर अपराधों के आरोपियों एवं आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही, पुलिस बैण्ड का गठन, थानों की सीमा के



पुनर्निर्धारण, प्र.आर./सउनि के पद पर कार्यवाहक प्रभार व जिले के उपलब्ध व रिक्त बल के संबंध में समीक्षा की गई एवं दिशा निर्देश दिये गए। श्री मुदगल के द्वारा जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने, अपराधियों पर लगाम लगाने और सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, शिकायतों का त्वरित निराकरण करने, महिला संबंधी एवं एस.सी./एस.टी. एक्ट के अपराधों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में योगेश मुदगल एवं डी.सी. सागर के द्वारा पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के द्वारा कार्यालय में जनसुनवाई में आये कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों के लिए की गई निःशुल्क टायपिंग की व्यवस्था संबंधी नई पहल की सराहना करते हुए अन्य जिलों को भी इसे आत्मसात करने हेतु कहा गया। एडीजीपी डी.सी. सागर के द्वारा बैठक में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनूपपुर श्रीमती प्रभा रमेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह एवं दिलीप पाण्डेय भी उपस्थित हुए जिन्होंने कानून व्यवस्था एवं अन्य मुद्दों पर अपने विचार रखे। जनप्रतिनिधियों के द्वारा पुलिस की सक्रियता एवं सजगता से जिले में अपराधों के ग्राफ में कमी आने की बात कही गई। अंत में पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं तीनों जिलों के पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले, उप पुलिस अधीक्षक राघवेन्द्र द्विवेदी, महिला सुरक्षा श्रीमती अंकिता सुल्या, एसडीओपी धनपुरी अभिनव मिश्रा, यातायात मुकेश दीक्षित, वरिष्ठ वैज्ञानिक(एफ.एस.एल.) डॉ. रमेश चंद्र अहिरवार, रक्षित निरीक्षक दीपेन्द्र कुशवाह एवं थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### लकड़ी के अवैध परिवहन करते मिले ट्रक को वन विभाग ने किया जप्त

**कोतमा।** मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल के निदेर्शानुसार वनमंडलाधिकारी अनूपपुर एवं उप वनमंडलाधिकारी अनूपपुर के मार्गदर्शन में 09 जनवरी को वन परिक्षेत्र कोतमा के रात्रिकालीन गश्ती दल द्वारा अवैध रूप से नीलगिरी लकडी लोड वाहन ट्रक को बिना किसी वैधानिक दस्तावेज के पकडा गया। वाहन चालक द्वारा बताया गया कि यह लकडी ग्राम राजाकछार से लोडकर पेंड्रा (छ.ग.) ले जाया जा रहा है। वैधानिक कार्यवाही पश्चात वाहन ट्रक टाटा मॉडल एल पी टी 1512 पंजीयन क्रमांक सीजी 31 ऐ 5589 को नीलगिरी लोड लकड़ी सहित जप्त कर वन डिपो बुढानपुर परिसर में लाकर खडा कराया गया एवं वन अपराध प्रकरण क्रमांक 4761/15 दिनाँक 09.01.2024 पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही मे वन परिक्षेत्राधिकारी कोतमा ए के निगम, परिक्षेत्र सहायक कोतमा जे डी धार्वे, बीटगार्ड चपानी अभिलाष सोनी, बीटगार्ड देवरी उत्तम कुमार सिंह मे शामिल रहे है।

### 12 जनवरी को आयोजित होगा मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

**कोतमा।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस) के अवसर पर मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कोतमा नगर मे किया जाना है। प्रतियोगिता का प्रारंभ गांधी चौक से किया जाना है। महावीर मार्ग गहरवार प्रेस, अंडरब्रिज, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, टैक्सी स्टैंड, जनपद कार्यालय होते हुए वार्ड क्रमांक 10 स्वामी विवेकानंद पार्क तक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से प्रारंभ किया जाना सुनिश्चित किया गया है। प्रतियोगिता में जो भी विजेता खिलाड़ी रहेंगे उनका पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 13 जनवरी को अटल चौपाटी में सुबह 11 बजे किया जाएगा। जो भी खिलाडी भाग लेना चाहते है वह सुबह 7 बजे गाँधी चौक कोतमा मे पहुंच कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### सीएम राइस स्कूल निर्माण में ठेकेदार तान रहा भ्रष्टाचार की इमारत



**जमुना/बदरा।** 30 दिसंबर को पत्रकारों ने बदरा सीएम राइस स्कूल का निरीक्षण किया गया जिसमे पाया गया कि ठेकेदार द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह कार्य संतोषजनक नहीं है बल्कि कार्य पूर्णता गुणवत्ता विहीन है। जबकि अभी कार्य नीचे प्लेन्थ (डीपीआर) का चल रहा है देखने पर साफ पता चलता है कि रेता गिट्टी सीमेंट का रेशियो मेंटेन नहीं किया जा रहा है एवं प्लेन्थ की मोटाई थिकनेस भी कम है। अगर नींव (बुनियाद) ही कमजोर होगी तो उस पर जो इमारत खड़ी होगी वह कितनी मजबूत होगी और जो नौनिहाल इस स्कूल में पढेंगे उनकी जिंदगी कितनी सुरक्षित रहेगी। निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर ठेकेदार का कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं पाया गया और ना ही शासन प्रशासन का कोई कर्मचारी अधिकारी वह मौजूद रहे। शासन प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि कार्य को सही तरीके से करवाया जावे जिससे बच्चों की जिंदगी सुरक्षित रहे।

### रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का दे रहे निमंत्रण

**कोतमा।** श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अभियान समिति से जुड़े राम भक्त नगर के प्रत्येक घर में जाकर अयोध्या से आए पीले चावल देकर नागरिकों को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। इस कार्य में राम भक्त महिलाएं नगर के वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला मोहल्ले में बूढी माता मंदिर से निकालकर कॉलोनी में प्रत्येक घर जाकर सभी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का न्योता दिया।

# अस्पताल बंद पड़े, आयुष्मान कार्ड बना रहा अमला

## उपचार का मूल कर्तव्य हो गया दरकिनार, ग्रामीण परेशान

शासकीय योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बीच तालमेल नहीं होने तथा मनमानी कार्यशैली अपनाए जाने के कारण गंभीर विसंगतियां पैदा हो जातीं हैं और सार्वजनिक जीवन में गतिरोध उत्पन्न हो जाता है। कही कहीं तो कामकाज ही ठप्प हो जाता है। जिससे लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

शहडोल।

काफी दिनों से ग्रामीण अंचलों में आयुष्मान कार्ड और केवाईसी का काम होने के कारण उपस्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन लगभग बंद पड़ा है, जिससे रोगियों को दवाएं नहीं मिल पा रहीं हैं। उपस्वास्थ्य केन्द्र का अमला कार्ड बनाने में जुटा हुआ है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों के कड़े निर्देश हैं। ज्ञातव्य है कि ठंड के इस मौसम में ग्रामीण अंचलों में सर्दी, बुखार, निमोनियां का प्रकोप चल रहा है, बच्चे काफी बीमार हो रहे हैं इस मौसम में उपस्वास्थ्य केन्द्रो का बंद रहना काफी परेशानियों का कारण बना हुआ है।



### उपस्वास्थ्य केन्द्रों में असुविधा

सोहागपुर के सिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत लगभग 52 उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं। इनके संचालन के लिए पदस्थ सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ताएं सभी अधिकारियों के निर्देश के अनुसार आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में जुटे हैं। इस कारण उपस्वास्थ्य केन्द्रों का काम काज पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। ज्ञातव्य है कि आयुष्मान कार्ड के लिए पृथक से स्टाफ प्रदान नहीं किया गया है। जिससे उपस्वास्थ्य केन्द्रों का मूलभूत कार्य दवा वितरण पूरी तरह से प्रभावित है। इस दिशा में तत्काल कोई निर्णय लिया जाना चाहिए।

### बंद नहीं हुई दगना प्रथा

बच्चों में बीमारी बढ़ने के कारण और उपस्वास्थ्य केन्द्रों से उनका संपर्क नहीं होने के कारण लोग आज भी घरेलू और देशी इलाज कराने लगते हैं। जिससे कभी कभी दगना जैसी स्थितियां निर्मित होती हैं और बच्चों की बीमारी घटने की बजाय बढ़ जाती है। उनकी मौत भी हो जाती है, रोगोपचार की ओर ध्यान देने की बजाय स्वास्थ्य अमला बाबूगिरी करने में जुटा हुआ है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उपस्वास्थ्य केन्द्रों की सेवाएं प्रभावित होने से लोगों को शहडोल की दौड़ लगानी पड़ रही है। जिसमें समय और धन दोनो बर्बाद हो रहे हैं।

### किससे करें फरियाद?

ग्रामीणों का कहना है कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में स्वास्थ्य अमला रोगियों की तरफ देखना और उनके प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना बंद कर चुका है, कही कहीं तो सीएचओ और एएनएम खीझ कर यह कह देतीं हैं कि हम एक ही काम कर पाएंगे। शासन की योजना का क्रियान्वयन और अधिकारियों के आदेश का पालन करना हमारे लिए अधिक जरूरी है। नहीं तो हमारी नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। ग्रामीणो के सामने समस्या यह है कि वे अपनी फरियाद किसे जाकर सुनाएं और उनकी मदद करने को कौन आगे आएगा?

### सीएचओ की भर्ती भी बेमानी

पूर्व में शासन की योजनाओं के कार्य एएनएम, ऑक्जिलरी नर्सिंग मिडवाइफरी, मल्टी परपस वर्कर, आशा से कार्य कराए जाते थे इस कारण तब भी स्वास्थ्य केन्द्रों की सेवाएं प्रभावित हो जातीं थीं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए शासन ने सीएचओ की नई भर्ती की। अब इन्हे भी आयुष्मान कार्ड में झोंक दिया गया। इसलिए सीएचओ की भर्ती का उद्देश्य बेमानी साबित हो रहा है। लोगों को अस्पताल बंद होने से वही परेशानी उठानी पड़ रही है।



## सार्वजनिक प्रयोग के तालाबों का अस्तित्व हो रहा खत्म

**कोतमा।** नगर के मुख्य मार्ग व सार्वजनिक क्षेत्र में तकरीबन एक दर्जन से अधिक ऐसे तालाब है जहां सुबह-शाम लोगों के घूमने वह आवारा मवेशियों सहित जानवरों की प्यास बुझाने के लिए तालाबों को संवर्धित कर सजाया जा सकता है, लेकिन नगर विकास को लेकर यह तालाब अभी तक उपेक्षित ही नजर आ रहे हैं। नगर के तालाबों की हालत यह है कि कई तालाब तो अतिक्रमण की चपेट में चले गए। कई तालाब ऐसे हैं जो बाउंड्रीवाल बनाकर उन्हें बंद कर दिया गया और कई तालाब ऐसे हैं जहां नगर पालिका के द्वारा नगर से उठने वाले कचरे को फेक कर तालाब का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया। नगर में अभी भी कई तालाब ऐसे हैं जिन्हें संवारने की जरूरत है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। नगर के पुरानी बस्ती में शिव सागर तालाब है जिसका सौंदरीकरण नगर पालिका के द्वारा भारी भरकम रकम खर्च कर कर तो दिया गया लेकिन साफ सफाई नहीं होने के कारण तालाब गंदगी से भरा पड़ा है वहीं नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्ति धाम के पास केरहा नाला में दम बनाकर पानी रोका गया है और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश सोनी के द्वारा उसमें घाट भी बनवाया गया था जिसका उपयोग आसपास के गरीब टपके के लोगों के द्वारा किया जा रहा है लेकिन वह भी साफ-सफाई के भाव में दम तोड़ता नजर आ रहा है। वही बस स्टैंड के पास स्थित पुरनिहा तालाब भी वर्तमान में गंदगी से भरा पड़ा है। तालाब के आसपास की साफ सफाई न होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह ऐसे तालाब है जहां सौंदर्यीकरण के बाद आसपास के लोगों को सैर सपाटे के लिए अच्छा स्थान बन सकता है।

**साफ सफाई की दरकार-** नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास केरहा नाल में नगर पालिका के द्वारा डेम बनाया गया था। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश सोनी की सोच थी कि आसपास के गरीब तबके के लोगों को निस्तार के लिए पानी एवं नहाने के लिए सुविधा मिल जाएगी जिसके लिए उन्होंने घाट का निर्माण भी करवाया था लेकिन वर्तमान में पूरी तरह से गंदगी से भरा पड़ा है नगर के निस्तार का पानी सिविल लाइन के माध्यम से नाले में जा रहा है। घाट के आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई है आसपास गंदगी भरी पड़ी है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इसके साफ-सफाई के लिए बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है।

**नहीं हटा ट्रांसफार्मर-** नगर के पुरानी बस्ती में स्थित शिवसागर तालाब जाने वाले मार्ग में बीच सड़क पर बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है और ठेकेदार के द्वारा सड़क ट्रांसफार्मर को बीचोबीच कर बना दिया गया है जिसके कारण लोगों को तालाब में आने-जाने में परेशानी हो रही है बरसात के दिनों में तो लोगों को करंट लगने का खतरा भी बना रहता है।

# सरकार ने ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए अनेकों योजनाएं की संचालित: विधायक






### ग्राम पंचायत डोंडका में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न

उमरिया।

केंद्र एवं राज्य सरकार ने ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए अनेको योजनाएं संचालित की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगो को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया है, ताकि बरसात के दिनों में लोगो को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। किसानों को सोसायटी के माध्यम से जीरो बैलेंस पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के ऋण लेकर अपनी खेती किसानी कर सके। लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में 1250 रुपये सीधे उनके खाते में भेजे जा रहे है, ताकि महिलाएं उन राशि उपयोग अपने घरेलू कार्यो में कर सके। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना प्रारंभ की गई है। ग्राम डोडाका में 362 लोगो को उज्ज्वला योजना का लाभ दिया जा चुका है। प्रदेश सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से लाड़लियों का जीवन सुरक्षित किया है। उक्त आशय के विचार मानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मीना सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की परिसंकल्पना तब साकार होगी जब ग्रामीण जन शिविर तक पहुँच कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए योजना का लाभ लेंगे। शिविर में जिला एवं खण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित है, तथा उनके योजना से संबंधित स्टाल लगाए गए है, ग्रामीण जन स्टाल का अवलोकन लर योजना का लाभ उठायें।

कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने कहा कि डोडका ग्राम की पहचान आदर्श ग्राम के रूप में है। यहाँ बेहतर तरीके से गौशाला का संचालन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना के लाभ से वंचित लोगो को योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा निर्वाचन में धूपखड़ा के लोगो ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए 100 प्रतिशत मतदान कर एक अलग पहचान बनाई है, ठीक उसी प्रकार ग्राम डोड़का के लोग में भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आये। डिजिटल मोबाइल वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियाँ, वीडियो संदेश और लघु फिल्में दिखाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य के बैगा परिवार के लोगो को शत-प्रतिशत योजना का लाभ देने की योजना प्रारंभ की गई है । इसका लाभ सर्वे करके दिया जाएगा।

सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद एवं राज्य सरकार की योजनाओ से अवगत कराना है। हर सामान्य को योजनाओ की जानकारी देना है। हर पात्र हितग्राहियों को लाभन्वित करना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। केंद्र एवं राज्य सरकार की कौन सी योजना संचालित है, और इसका लाभ कैसे लिया जा सकता है , इसकी जानकारी वाहन के माध्यम से दी जा रही है। शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी की जांच, सिकल सेल की जांच की जा रही है। ड्रोन के माध्यम से उर्वरक का छिड़काव करने की विधि भी बताई जा रही है। स्वाइल हेल्थ कार्ड से किसान अपने खेत की मिट्टि का परीक्षण करा सकता है। प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत बैगा परिवार को हर योजनाओं के लाभ प्रदान करना है।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि हरीश विश्वकर्मा, छोटे लाल सिंह, लखपति सिंह, राजेश वर्मा, सुरेश यादव, सरपंच डोडाका, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती देवी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया, इसके बाद कन्या पूजन किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

# 6 माह तक के समस्त राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें : कलेक्टर



उमरिया।

6 माह तक के समस्त राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण राजस्व अधिकारी करें। सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण प्रकरणवार दल बनाकर अभियान चलाकर किया जाए। इसी तरह अविवादित नामांतरण, बंटवारा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व के प्रकरणों, मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार तथा भू अर्जन एवं अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा वितरण कराएं। यह निर्देश कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान दिए। कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन व्दारा 15 से 29 जनवरी तक राजस्व महा अभियान का संचालन करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान गूगल सीट के माध्यम से राजस्व अधिकारी दैनिक प्रगति प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। सभी रजिस्ट्री करण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मतदाता सूची की शुध्दता एवं सुचिता पर विशेष ध्यान दें । इसी तरह भारत सरकार व्दारा प्रधानमंत्री जन मन योजना के माध्यम से विशेष पिछडी जाति बैगा हितग्राहियों के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं से बैगा परिवारों को सेचुरेशन की स्थिति में लाना है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बैगा परिवारों के जाति प्रमाण पत्र, ई केवायसी का कार्य तथा आधार लिंक कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पांडे, तहसीलदार सतीश सोनी, एसएलआर, नायब तहसीलदार तथा राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

# हसदेव क्षेत्र में एटक यूनियन की बैठक में कम्पनी का सम्मेलन होना तय

**जमुना/बदरा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हसदेव षेत्र के राजनगर में शहीद भगत सिंह चौक पर स्थित एटक कार्यालय में कामरेड आर.एन राम की अध्यक्षता में सारगर्भित बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय महासचिव कामरेड हरिद्वार सिंह एवं केंद्रीय अध्यक्ष कॉमरेड अजय विश्वकर्मा मार्गदर्शन के लिए विशेष रूप से मौजूद थे मंच का संचालन कामरेड विजय सिंह ने किया स्वागत क्षेत्रीय सचिव कामरेड कन्हैया सिंह ने शाल एवं श्रीफल से किया। सर्वप्रथम हसदेव क्षेत्र के सभी इकाइयों के सचिव ने अपने खदान के रिपोर्ट को प्रस्तुत किया कुर्जा, सेंट्रल हॉस्पिटल मनेंद्रगढ़, रैस्क्यू मनेंद्रगढ़, महाप्रबंधक कार्यालय लेदरी, राजनगर ओपन कास्ट, रिजनल वर्कशाप बिजुरी के साथियों को अपने अपने यूनिटो में सदस्यता सत्यापन में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दिया गया बहेरा बांध एवं राजनगर आरओ के साथियों को विगत वर्ष से अपने शाखा में अधिक सदस्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिन शाखाओं में सदस्यता घटी है



उनको समझाइश दी गई कि अगले साल हर हाल में सदस्यता बढ़ाएं और मजदूरों के लिए संघर्ष तेज करें। कामरेड दिनेश सिंह अपने कई लोगों के साथ बीएमएस छोड़कर एटक यूनियन की सदस्यता ग्रहण की केंद्रीय महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह एवं केन्द्रीय अध्यक्ष कॉमरेड अजय विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन मे ठेका मजदूरों की लड़ाई तेज करने का आह्वान किया। आज सिविल का काम शून्य है अस्पतालों में दवाई नहीं है एग्जलरी प्रमोशन नहीं हो रहा है पात्र कर्मचारियों को ड्रेस नहीं मिल रहा है और रिटायर कर्मचारियों का एन.सी डब्लूए 11 का एरियर नहीं मिल रहा है बोनस बाकी है हसदेव क्षेत्र का कार्मिक विभाग हास्य विभाग बनकर रह गया है। हसदेव क्षेत्र में 12 हजार घर है चार हजार कर्मचारी हैं किन्तु प्रबंधन उनको घर नहीं दे पा रही है आए दिन हजारों घरों में अवैध कब्जा किया गया है। खदानों की हालत बहुत खराब है समूचे कोल इंडिया में हसदेव क्षेत्र की जो गरिमा थी वह तार तार हो गई है ऐसी परिस्थिति में मजदूरों की रक्षा करने के लिए और हसदेव क्षेत्र के आन बान शान को बचाए रखने के लिए एटक आंदोलन करने के लिए बाध्य हैं। उपस्थित एटक के सभी कार्यकर्ताओं ने तालियों के गड़गड़ाहट से आंदोलन का समर्थन किया। केंद्रीय महासचिव कामरेड हरिद्वार सिंह एवं केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्व कर्मा ने अपील किया कि एस के एम.एस का सम्मेलन हसदेव क्षेत्र में कराया जाना चाहिए कामरेड कन्हैया सिंह के नेतृत्व में हसदेव क्षेत्र एटक के कार्यकतार्ओं ने गर्मजोशी से इस प्रस्ताव का स्वागत किया मार्च महीने में सम्मेलन कराने का आश्वासन दिया बैठक में कामरेड संजय सिंह कामरेड नबीन खान कामरेड भूषण सिंह कामरेड डी.एन सिंह कामरेड भास्कर पांडेय कामरेड भारत भूषण सिंह कामरेड आर के गिरी कामरेड रामचरण पटेल कामरेड एन.पी सिंह कामरेड तिवारी कामरेड भट्टाचार्या कामरेड रविन्द्र सिंहा कामरेड यादव कामरेड रामाज्ञा शुक्ला कामरेड जितेन्द्र कामरेड अजय सिंह कामरेड अफजल खान कामरेड पी.डी मिश्रा कामरेड एवं सैकड़ों कार्यकर्ता से हाल भरा था। नारों के साथ हर मोर्चे पर संघर्ष करने के आव्हान के साथ सभा की समाप्ति हुई।

**इश्तहार**

ग्राम केशवही की आ ,ख,38/2 रकवा 2,832 है। जुज रकवा 0,225 हे. भूमि आदिवासी छात्रावास के भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव पासभूमि को उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। प्रस्ताव में किसी भी ग्रामवासी को आपत्ति हो तो अपनी अपत्ति न्यायालय में उपस्थित होकार ब्यक्तिगत या सामुहिक रूप से सात दिवस तक प्रस्तुत कर सकते हैं। बीते म्याद अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

न्यायालय तहसीलदार
उपतहसील, चौरई
जिला-शहडोल (म.प्र.)

खबर संक्षेप



## प्रधानाचार्य जिला टोली बैठक सम्पन्न

**बिरसिंहपुर पाली।** सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में जिला प्राचार्य /प्रधानाचार्य जिला टोली की बैठक दिनांक 10 जनवरी को सम्पन्न हुई जिसमें विद्या भारती महाकोशल प्रांत के जनजाति शिक्षा प्रांत प्रमुख मान0 श्री देवेन्द्र चतुर्वेदी जी, विभाग समन्वयक शहडोल विभाग के मान0 श्री राम शिरोमणि शर्मा जी एवं उमरिया जिला के सह जिला सचिव मान0 श्री नंदलाल प्रजापति जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें शत प्रतिशत परीक्षा हेतु प्रयास, खिचड़ी समर्पण, पूर्व छात्र सम्मेलन, श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव हेतु तैयारी, सुभाष चंद्र बोस जयंती की रुपरेखा, विद्यारंभ संस्कार हेतु पंजीयन एवं सम्पर्क, विद्यालय विकास के अन्य विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ अंत में कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।

## निगमायुक्त ने किया सीवरेज का निरीक्षण

**रीवा।** रीवा नगरीय क्षेत्र में चल रहे सीवरेज के कार्य में रोड़ रेस्ट्रोरेशन न किये जाने की शिकायते विभिन्न स्थानों से प्राप्त हो रही थी। जिनके निराकरण हेतु निगमायुक्त संस्कृति जैन द्वारा शहर के छत्रपति नगर, चिरहुला हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र, कमान्डेन्ट बगलॉ क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर निरीक्षण करते हुये सम्बंधित निर्माण एजेंसी को मौके पर निर्देशित किया गया कि जहॉ पर सीवर लाइन डाली जा चुकी है उस स्थल पर रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाय। जहॉ भी रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य कराया जाना है उस सड़क पर वेरीकेटिंग करते हुये रेस्ट्रोरेशन करायें तथा क्रांकीट क्योरिंग के 2 दिन बाद ही रेस्ट्रोरेशन की गई सड़क को आवागमन हेतु खोलें, जिससे कांक्रीट खराब न हो। कार्य करते समय आवश्यक रूप से यह ध्यान रखा जाय कि आमजन को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, सहायक यंत्री श्री पीएन शुक्ला, पार्षद श्रीमती अर्चना अमृतलाल मिश्रा, उपयंत्री श्री आशुतोष पाण्डेय, सीवरेज निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## एसडीएम की शिकायत पर परिवहन स्क्वाड पर पुलिस ने की कार्रवाई

**रीवा।** कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एसडीएम हुजूर की शिकायत पर परिवहन स्क्वाड के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है, साथ ही मामले को जांच में लिया गया है। शिकायत पर परिवहन विभाग के आरक्षक मुन्नालाल मिश्रा सहित दो अन्य के विरूद्ध धारा 384, 170 एंव 171 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। बताते चले हैं कि बुधवार के दिन नवागत एसडीएम हुजूर ने कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर रतहरा हाइवे में लगे परिवहन स्क्वाड को वाहनों से अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए पकड़ लिया था। यहां गौरतलब बात यह है कि परिवहन विभाग द्वारा हाइवे में यातायात नियमों के विरूद्ध चलने वाले वाहनों पर दशकों से कार्रवाही करती चली आ रही है, जिसकी बकायदा रशीद भी वाहन चालकों को दी जाती है। उक्त चालानी कार्रवाही में मिला राजस्व शासन के खाते में जाता है। हाल ही में परिवहन आयुक्त ग्वालियर ने फरमान जारी करते हुए रीवा संभाग परिवहन उडऩदस्ता को रीवा, सीधी, शहडोल एंव सतना जिले में यातायात के नियमों के विपरीत वाहन चलाने वालों पर कार्रवाही किये जाने का निर्देश दिया है। सोच का विषय यह है कि एक ओर जहां परिवहन आयुक्त वाहन चेकिंग का निर्देश दे रहे है वहीं दूसरी ओर नवागत एसडीएम हुजूर परिवहन स्क्वाड पर वाहन चेकिंग करने पर पकड़ कर एफआईआर दर्ज करवा रही है, ऐसे में परिवहन विभाग रीवा दो पाटों के बीच पिसता नजर आ रहा है। एक ओर आयुक्त का फरमान तो दूसरी ओर एफआईआर दर्ज होने का भय।

# घर घर पहुँचे राम भक्तों ने दिया अयोध्या का निमंत्रण

**धनपुरी।** कोयलांचल नगरी में इन दिनों रामभक्ति से सराबोर है राजा राम की नगरी श्री अयोध्या धाम से भव्य मंदिर मे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए पूजित अक्षत पीले चावल के साथ साहित्य व आमंत्रण पत्रिका को लेकर रामभक्त नगर के प्रत्येक घरों तक पहुँच रहे है। अभियान के बारे मे अधिक जानकारी देते हुए कोयलांचल के सह संयोजक सचिन दाहिया ने बताया की पूजित अक्षत को लेकर पूरे उत्साह के साथ रामभक्तों की टोली सभी के घरों तक पहुँच रहे है। समस्त नगर रामभक्त मे लीन है ढोल नागाड़ो डीजे के साथ विशाल शोभा यात्रा में महिलाएं पुरूष व बच्चों की टोलियां ध्वज पताका लेकर आमंत्रित कर रहे है। साथ ही 22 जनवरी के दिन नगर को अयोध्या नगरी जैसे सजाना है हर घर दीप जलाना रंगोली डालना मुख्य द्वार पर तोरण व संध्या आरती मे रामकथा रामायण पाठ इत्यादि करना और अपने अपने घरों को ऐसे सजाना है जैसे दीवाली हो इसी आग्रह के साथ रामभक्त आमंत्रित कर रहे हैं। लोंगो मे भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अभियान मे आम जनमानस सहित जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक समाजसेवी सहित विभिन्न संगठनो का सहयोग प्रदान हो रहा है।





# मऊगंज जिले के मदिरालय में प्रिंट रेट से ज्यादा दाम में बिक रही शराब

### आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नही

मऊगंज

जिले मे शासन-प्रशासन व्यवस्था सुधारने में चाहे जितनी भी शक्ति बरते लेकिन जिम्मेदार अमले के कुछ गैर जिम्मेदार कर्मचारियों, अधिकारियों की मिलीभगत से शराब कारोबारी ठेकेदारों के द्वारा प्रिंट रेट से अधिक दामों में मनमाने तरीके से शराब की बिक्री की जा रही हैं। पिछले वर्ष ही कलेक्टर रीवा के आदेश पर आबकारी अमले ने प्रिंट रेट से अधिक दाम में शराब की बिक्री करते हुए कुछ शासकीय मदिरालय में कार्यवाही करते हुए दस हजार रुपए के जुर्माने के साथ 1 दिन का लाइसेंस भी निरस्त कर चुके हैं।लेकिन कलेक्टर रीवा द्वारा की गई कार्रवाई का कोई असर नहीं दिख रहा।शराब कारोबारी द्वारा समूचे जिले मऊगंज, देवतालाब, नईगढ़ी, हनुमना, शाहपुर सहित अन्य स्थानों में मनमाने रेट पर शराब की बिक्री जारी है। शराब कारोबारियों पर किसी तरह का खौफ ना होना लोगों के मन में बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।मऊगंज जिले के मऊगंज, देवतालाब, हनुमना एवं नईगढ़ी की कम्पोजिट शासकीय मदिरा की दुकानों में आबकारी नीति के विरुद्ध बिना रेट सूची लगाए प्रिंट रेट से अधिक दाम में ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से शराब की बिक्री की जा रही है। शराब बिक्री में दामों को लेकर आए दिन ग्राहक एवं दुकानदार के बीच बाद विवाद की नौबत बन रही है। इसके बावजूद भी आबकारी अमला सिर्फ खानापूर्ति में जुटा है। जबकि पूर्व में आबकारी आयुक्त ने सभी दुकानों में रेट सूची लगाने एवं बिल देने का आदेश जारी किया गया है। सूत्रों की माने तो जिले के कुछ खास आबकारी अधिकारियों की संलिप्तता के कारण शराब कारोबारी द्वारा मनमाने रेट पर शराब बिक्री की जा रही है। जिसका विरोध भी ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है। लेकिन उनका यह विरोध ठेकेदार के ताकत और पैसे के बल पर दब जाता है। जगह-जगह जहां ठेकेदार के कार्यकर्ताओं द्वारा खुलेआम पैकारी भी कराई जा रही है। सूत्रों की माने तो यह कार्य शासकीय मदिरालय में आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिली भगत से कर रहे हैं। जिसकी वजह से आए दिन सेल्समैन और ग्राहक के बीच दुकानों पर झगड़े होना आम बात हो गई है।उन्होंने कहा --शासकीय शराब दुकानों में यदि रेंट सूची नही लगाईं गई है। तों यह नियम विरुद्ध है।इस बिषय की जांच कराई जाएगी। वही नियम के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधि संगत बैधानिक कार्यवाही की जाएगी।




### मॉडल रोड और बाईपास पर ही टिका धनपुरी का विकास

# विकास के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी समस्याओं का अंबार





धनपुरी

नगर पालिका द्वारा विकास और सौंदर्यीकरण के नाम पर नगर में विकास कार्य किया जा रहे हैं। लेकिन धनपुरी की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली विकास देखने को नहीं मिल रही है जो नगर की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी जब धनपुरी नगर पालिका के सामने निकली नरगडा पुल से बघइया पुल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर मॉडल रोड का निर्माण हो जाए तो नगर का विकास में चार चांद लग सकता है इसके लिए पूर्व में नगरपालिका सीएमओ रविकरण त्रिपाठी ने नगर पालिका का प्रयास किया गया था लेकिन प्रयास सफल नहीं हो सका अगर इस ओर निरंतर प्रयास किया जाए तो मॉडल रोड बनने का प्रयास सफल हो सकता है।

### सबसे अहम मुद्दा

नगर के लिए सबसे अहम मुद्दा नगर को जोड़ने वाली सड़को माना जा रहा है को जैसे ओपीएम, पेपर मिल,रुगंटा, कॉलोनी,, सरई कापा, आदि स्थलों को धनपुरी नगर से सीधा जोड़ें जाए जिससे नगर का रुका हुआ विकास एक बार पूर्व की तरह मार्केट लोगों की चहल-पहल व रौनक देखने को मिले ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर नगरपालिका को भी ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि धनपुरी का मार्केट धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। प्रयास अभी नहीं तो फिर कभी नहीं

नगर व्यापारी संघ के द्वारा पूर्व में कई बार नगरपालिका का ध्यान आकृष्ट कराया गया कि नगर को विकास जोड़ने वाली रोडो को धनपुरी नगर से जोड़ा जाए जिससे नगर का व्यापार पूर्व की तरह लोगों का आना जाना शुरू हो सके वही सबसे अहम नगर से जुड़े मुद्दा नगर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के चलते आजाद चौक पर ही छोटे बड़े वाहन खड़े हो जाते है जिससे मेन रोड चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होती है। नगर पालिका के द्वारा अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई जिससे छोटे-बड़े वाहनों को पार्किंग स्थल पर खड़ा किया जा सके।

### पार्किंग का अभाव

गोल बाजार स्थित बुढार एंड अमलाई क्रेडिट सोसाइटी कार्यालय कालरी की जमीन पर संचालित है जहां पर काफी जगह निकाला जा सकता है नगरपालिका का प्रयास करे तो पार्किंग की व्यवस्था हो जाए तो धनपुरी मार्केट करने वालों को आजाद चौक पर वाहन न खड़ी करने पडे ट्रैफिक की व्यवस्था बनी रहे जिससे लोग शांत मन से मार्केट कर सके। नगर पालिका अगर धनपुरी के लिए पार्किंग की व्यवस्था को लेकर विचार बनाएं जिससे नगर का व्यापार और पार्किंग व्यवस्था हो जाने से निश्चित रूप से व्यापार पर बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### सिटी बस की दरकार

एसईसीएल सोहागपुर एरिया के द्वारा स्कूल बस का संचालन किया जाता था जो बरसों से बस संचालन बंद कर दी गई है नगर के होनहार बच्चों को टू व्हीलर फोर व्हीलर टैक्सी के माध्यम से इंग्लिश मीडियम स्कूल बच्चे छोड़ना और लाना पड़ रहा है अगर नगर पालिका के द्वारा नो प्रॉफिट नो लॉस पर बस चलाए जाने की मांग नगर की जनता द्वारा की जा रही है जिससे नगर के सैकड़ों बच्चो के बस की सुविधा मिल सकेगी।

### रिंग रोड का सपना

गौरतलब है कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर एरिया की कई कोयला खदानों से उत्पादन बंद होने मेन पावर में लगातार कमी के कारण धनपुरी बाजार की रौनक बिल्कुल खत्म हो चुकी है। एक समय था जब धनपुरी बाजार शहडोल जिले के सर्व श्रेष्ठ बाजारों में से एक था अब वह बात नहीं रह गई है। यदि ओपीएम अमलाई बुढार सरई कापा, बेम्हौरी खैरहा राजेंद्रा आदि को जोड़ते हुए सड़क का एक घेरा रिंग रोड टाइप बन जाए तो धनपुरी के विकास को नए पंख लग सकते हैं और इस घेरे के बन जाने के बाद विकास स्थाई रूप से धनपुरी में डेरा डाल सकता है। अभावों को दूर करने की दिशा में यदि नगर परिषद प्रयास करती है तो यह धनपुरी नगर की जनता के लिए वरदान साबित हो सकता है।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिन्दी में एमबीबीएस की समीक्षा की

रीवा !

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हिन्दी में एमबीबीएस का संचालन मध्यप्रदेश के छात्रों के लिये महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप छात्रों को उनकी ही भाषा में उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु यह अभिनव प्रयास किया गया है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश हिन्दी भाषा में एमबीबीएस की शिक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य है। मेडिकल पाठ्यक्रम को पढ़ाये जाने वाली 16 भाषाओं में अब हिन्दी भी शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन संबंधी कार्यक्रम की समीक्षा की।

जनवरी अंत तक हिन्दी लिप्यंतरण द्वितीय एवं तृतीय चरण का कार्य हो जाएगा पूर्ण - बैठक में बताया गया कि अब तक प्रथम वर्ष के तीनों विषयों की पाठ्यपुस्तकें हिन्दी में उपलब्ध करा दी गयी हैं। द्वितीय एवं तृतीय चरण में आगामी वर्षों की पाठ्यपुस्तकों का हिन्दी लिप्यंतरण कार्य प्रगतिरत है। उल्लेखनीय है कि हिन्दी लिप्यंतरण कार्य के द्वितीय एवं तृतीय चरण में 12 विषयों की 13 पुस्तकों में से 9 पुस्तकें हिन्दी भाषा में उपलब्ध हो गयी हैं। शेष 4 पुस्तकें भी जनवरी माह के अंत तक पूर्ण कर ली जायेंगी।



हिन्दी भाषा से एमबीबीएस पहल, छात्रों के लिए लाभप्रद सिद्ध हो रही है - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिन्दी भाषा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का लाभ ले रहे छात्रों के फीडबैक के संबंध में जानकारी प्राप्त की। लगभग 10 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी भाषा की पाठ्यपुस्तकों का लाभ ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगामी सत्र से अंग्रेजी के साथ हिन्दी में भी प्रश्नपत्र तैयार करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। हर मेडिकल कॉलेज में हिन्दी प्रकोष्ठ 'मंदार' का गठन किया गया है।

चिकित्सकों को समय से इनसेंटिव और दवाओं की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करें - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय, सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल आदि में चिकित्सकों को इनसेंटिव और अन्य हितलाभ समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। दवाओं एवं अन्य कंज्यूमेबल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सुनियोजित योजना बनाये। इन कार्यों के लिए बजट उपलब्धता प्राथमिकता से कराई जाए।

हमीदिया में कैथ लैब संचालन की व्यवस्था करें - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हमीदिया में कैथ लैब संचालन की समस्या पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिये कि शीघ्र संचालन की व्यवस्था करें। बैठक में अवगत कराया गया कि नई बिल्डिंग में कैथ लैब संचालन के लिए स्थान दिया गया है। जब तक नया ओपीडी ब्लॉक नहीं बनता तब तक कैथ लैब यहीं संचालित की जायेगी। जल्द ही लैब की शिफ्टिंग भी की जायेगी। इस दौरान अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मो. सुलेमान, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरुण श्रीवास्तव, प्रोफेसर श्वसन चिकित्सा विभाग एवं राज्य नोडल अधिकारी हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. लोकेंद्र दवे, अधीक्षक हमीदिया एवं विषय नोडल हिन्दी प्रकोष्ठ डॉ. आशीष गोहिया सहित एसोसिएट प्रोफेसर ईएनटी विभाग और विषय नोडल हिंदी प्रकोष्ठ डॉ. यशवीर जेके, उप कुलसचिव एवं राज्य समन्वयक हिन्दी प्रकोष्ठ श्रीमती अमृता बाजपेयी तथा सलाहकार हिन्दी प्रकोष्ठ चिकित्सा शिक्षा श्रीमती रागिता अग्निहोत्री उपस्थित थे।

## मतदाता पुनरीक्षण में कांग्रेस के बी.एल.ए. मुस्तैदी से जुट जाएं

**रीवा !** जिला शहर कांग्रेस की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय रीवा में सम्पन्न हुई जिसमें उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली पुनरिक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची में नाम जुडवाने एवं फर्जी नामों को कटवाने की प्रक्रिया में कांग्रेस पार्टी द्वारा नियुक्त समस्त बी.एल.ए. अपने-अपने बूथों में मुस्तैदी के साथ जुड़ जाऐ। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ब्लॉक, मण्डल, सेक्टर, में काम करने वालों को महत्व देने एवं बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने एवं बैठकों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया हैं। उक्त बैठक में शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष वसीम राजा, मानवेन्द्र सिंह "नीरज", अनिल मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बोदाबाग शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेले, अध्यक्ष चिरहुला रामकीर्ति शर्मा, अध्यक्ष ढेकहा अखिलेश द्विवेदी उपस्थित रहें।





# भ्रस्टाचार और अवैध वसूली का फिर मामला जोर पकड़ा

मऊगंज

नगर परिषद में हो रहे भ्रस्टाचार और अराजक व्यवस्था के विरोध में सत्ताधारी दल भाजपा के पार्षद लगातार जांच और कार्यवाही की मांग करते रहे है। जब भ्रस्टाचार को लेकर नगरीय प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मामले को दबा दिया गया तो अंततः माननीय उच्च न्यायालय की शरण मे जाना पड़ा। इन सबके बीच नगर परिषद में अबैध बसूली को लेकर स.रा.नि. शाखा प्रभारी हरीश मिश्रा ने सीएमओ मऊगंज को शिकायत पत्र सौंपते हुए राजस्व शाखा के दोषी कर्मचारियों को प्रभार से मुक्त करने की मांग किया है। जिसमे सहायक राजस्व निरीक्षक ने आरोप लगाया है कि राजस्व शाखा के कर्मचारियों द्वारा वार्डो मे जाकर चल रहे निर्माण कार्यों में मनमानी तरीके अवैध वसूली कर व्यापक स्तर पर निकाय को छति पहुंचाई जा रही है एक तरफ जहां अवैध निर्माणकर्ताओ को नोटिस दी जाकर वसूली करना है दूसरी तरफ बिना रसीद काटे अवैध वसूली कर राशि को अपने उपयोग मे लिया जाकर स्वयं का हित साधा जा रहा है! उपरोक्त मामले मे कई बार वसूलीकर्ताओ को समझाया गया लेकिन उनके द्वारा मेरे निर्देश और सलाह का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है एवं उपरोक्त कार्य बिना किसी भय के किया जा रहा है। जिससे निकाय की छवि धोमिल हो रही एवं लोगो द्वारा लगातार शिकायते प्राप्त हो रही है। सहायक राजस्व निरीक्षक मऊगंज हरीश मिश्रा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेश पटेल को सौंपे गये शिकायत पत्र में लेख किया है कि उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की की जाय और दोषियों को राजस्व शाखा के प्रभार से मुक्त किया जाय।

## फास्टेस्ट मूविंग सिटी स्वच्छता केटेगरी में

# अमरकंटक को मिला राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार

### दिल्ली में नगरीय निकाय अमरकंटक की टीम हुई सम्मानित

अमरकंटक।

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत फास्टेस्ट मूविंग सिटी स्वच्छता केटेगरी में पवित्र नगरी अमरकंटक को देशभर के एक लाख से कम जनसंख्या के शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रैंक प्राप्त हुई है।**



जिसके लिए राष्ट्रीय स्तर के द्वितीय पुरूस्कार से पवित्र नगरी अमरकंटक के नगरीय निकाय की टीम को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में गुरूवार 11 जनवरी को भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उईके, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते, उपयंत्री देवल सिंह बघेल एवं स्वच्छता प्रभारी राम मोगरे को प्रदान किया गया। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अमरकंटक को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता पुरूस्कार प्राप्त होने पर नगरीय निकाय की टीम, नगरवासियों तथा स्वच्छता कामगारों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के नेतृत्व पवित्र नगरी अमरकंटक में सूखा कचरा एवं गीला कचरा की मशीन को फंक्शनल कराया गया। नगर में कचरा उठाव एवं कचरे का डोर-टू-डोर कलेक्शन की व्यवस्था सुचारू रूप से कराई गई। इसके साथ ही अमरकंटक में मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्यों के पूर्णता के लिए सतत समीक्षा एवं मानीटरिंग सुनिश्चित की गई, जिससे प्रोजेक्ट के तहत फुटपाथ लाईट तथा सौन्दर्यीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी। इन्ही सब प्रयासो से अमरकंटक में ओडीएफ में प्लस प्लस एवं जीडीएस में प्लस केटेगरी प्राप्त हुई है।

# फेसबुक पर प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करना पड़ा भारी

### भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन, दर्ज हुई एफआईआर

अनूपपुर।



जिले के कोतमा थाना अंतर्गत कोतमा वार्ड नंबर 1 निवासी राजकुमार सोनी द्वारा 10 जनवरी की रात्रि फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अश्लील फोटो वीडियो शेयर कर अपमानित कृत्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कोतमा के भाजपा पदाधिकारी ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि 10 जनवरी को कोतमा वार्ड न 01 निवासी राजकिशोर सोनी के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अश्लील फोटो वीडियो अपनी फेसबुक आईडी से शेयर कर अपमानित करने का घोर निंदनीय कृत्य किया है जिस कारण भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, आम नागरिक उक्त कृत्य की घोर निंदा करते हुए कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग करते है। पुलिस प्रशासन से भाजपा के पदाधिकारियों ने विषय की गंभीरता पर संज्ञान लेते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने का आग्रह किया। पुलिस ने शिकायत पर कार्यवाही करते हुए आरोपी राजकिशोर सोनी के खिलाफ धारा 465, 469, 471, 67, 67 ए 3/4/6 आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसकी जमानत हो गई।

## फिर छग से धनगवां पहुंचा दो हाथियों का समूह

# देर रात चोलना में तोड़ा मकान का दरवाजा

अनूपपुर।



6 जनवरी की रात अनूपपुर वन मंडल के जैतहरी एवं कोतमा वन परिक्षेत्र की सीमा को पार करता हुआ एक हाथी छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत घुसरिया के जंगल में पहुंचकर घुसरिया में चार दिन पूर्व से रह रहे एक दो दांत वाले बड़े आकार के हाथी से मुलाकात कर विचरण करते हुए बुधवार एवं गुरुवार की मध्य रात छग राज्य के करहनी के जंगल से होता हुआ जैतहरी रेंज के चोलना गांव में पहुंचकर 2 बजे रात अनिल पिता ददनराम केवट के घर का दरवाजा तोड़ते हुए कोतमा वन परिक्षेत्र के पडौर में मेला के संगम स्थल के पास पहुंचकर सोननदी पार कर वन परिक्षेत्र जैतहरी के कुकुरगोड़ा एवं चोई गांव के मध्य धनगवां बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 338 के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है। इस जंगल में अत्यधिक लेंटाना होने के कारण वर्तमान समय तक दोनों हाथियों के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं हो सके किंतु ग्रामीण एवं वन विभाग के मैदानी अमला को हाथियों के विचरण दौरान सोननदी एवं उसके आसपास विचरण पर पड़े पैरों के निशान झाड़ियो को तोड़कर खाते, चलने से हाथियों के आ जाने का आभास हुआ है। अनूपपुर वन मंडलाधिकारी एस.के प्रजापति ने हाथी प्रभावित क्षेत्र एवं देर रात हाथियों के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों से सतर्कता बरतते हुये जंगल एवं गांव के मध्य अलग-अलग खेतों में घर बनाकर रह रहे ग्रामीणों को अंधेरा होने के पूर्व ही सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील करते हुए जैतहरी एवं कोतमा वन परिक्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारियो एवं वन विभाग के मैदानी अमले को सतत निगरानी रखते हुए सतर्कता एवं ग्रामीणों की सुरक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

# गुणात्मक शोध से सामाजिक समस्याओं का निराकरण संभव- प्रो. देवी चटर्जी

अनूपपुर।



इंडियन रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन द्वारा शाम 5 बजे शोध और उसके प्रकाशन की नैतिकता के अनुप्रायोगिक विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस विषय के मुख्य वक्ता प्रोफ देवी चटर्जी, (पूर्व प्राध्यापक अन्तराष्ट्रीय अध्ययन विभाग, जधावपुर विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल एवं संपादक कंटेंपोररी वाइसेस ऑफ दलित शोध पत्र) उपस्थित रहे। उन्होंने इस विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान के प्रारंभ में रिसर्च, उसकी गुणवत्ता और लेखन के प्रमुख विंदुओं को स्पष्ट किया। व्याख्यान के प्रारंभ में उन्होंने कहा शोध पत्रों का लेखन वैज्ञानिक मानकों के आधार पर होना चाहिए। शोध के शीर्षक के चयन में मौलिक विचारों की स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है। जब किसी भी विचार को किसी भी शोध पत्र से ले तो उसका संदर्भ देना आवश्यक होता है। यह भी नहीं करना चाहिए की यदि किसी शोध पत्र को पढा नहीं गया है और उसका संदर्भ दे दिया जाए ऐसे में यह सभी आयाम साहित्यिक चोरी के अंतर्गत आ जाते हैं। उन्होंने इसके लिए भारतीय, अमेरिकन, आस्ट्रेलिया और ईराक के सामाजिक वैज्ञानिकों का उदाहरण भी दिया। जिन्होंने इस विषय के अंतर्गत कार्य किया और ऐसे मुद्दों को उजागर किया है। जिस विषय में शोध किया जा रहा है उससे संबंधित साहित्य का अध्ययन किया जाना चाहिए तत्पश्चात समस्या का चयन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में सामाजिक विज्ञान के विषयों में शोध की गुणवत्ता कम रहती है। विषय से संबंधित साहित्य का अध्ययन करने के पश्चात ही शोध कार्य प्रारंभ करना चाहिए। उन्होंने अपने सम्पादन का अनुभाव साझा करते हुए कहा कि गुणात्मक शोध में हम भावनाओं, वेग और मानवीय व्यवहार एवं सामाजिक चेतना आदि का अध्ययन कर सकते है। इसके लिए आवश्यक है कि जिस शीर्षक का चयन किया जाए उससे संबंधित ही साहित्य का अध्ययन करके शोध में संकलित किया जाना चाहिए गुणात्मक शोध की विशेषतावों और महत्व के आयामों को संदर्भित करते हुए उन्होंने उसमें आने वाली प्रमुख चुनौतियों को भी रेखांकित किया। इसके लिए भी उन्होंने व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किये। अंत प्रो. देवी चटर्जी नें सभी प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। इस व्याख्यान का आयोजन विकास कुमार, शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं मानवाधिकार विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक द्वारा किया गया। उन्होंने हमारे अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस व्याख्यान के संयोजक पापी हलदर, लखनऊ विश्वविद्यालय रही एवं कार्यक्रम के सह-समन्वयक मधुसूदन मुकुल कुमार, शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं मानवाधिकार विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक रहे। कार्यक्रम की सचिव धीरेश तिवारी रहे। इस व्याख्यान में कई शोधार्थी विद्यार्थी एवं श्रोता उपस्थित थे।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी में शाखा बनाने के नाम पर 40 महिलाएं हुई ठगी कर शिकार



**अनूपपुर।** मोदी सरकार देशभर में भारत विकसित संकल्प यात्रा चला रही है, लेकिन आज लोगों के अंदर अविश्वास की भावना बढ़ती जा रही है कि कब उसे कोई अपना बना कर उसके साथ धोखाधड़ी कर उसको कंगाल बना दे कहा नहीं जा सकता है। उक्ताशय की जानकारी सीटू नेता जुगुल किशोर राठौर ने देते हुए बताया कि हाल ही में ग्राम चोई ग्राम पंचायत पड़रिया के 40 से 50 महिलाओं को माइक्रोफाइनेंस कंपनी में शाखा बनाए जाने का झांसा देकर गांव के ही निवासी माया राठौर पति पूरनलाल राठौर के द्वारा बैंक में शाखा बनाए जाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी कर फरार हो चुकी है। ठगी के शिकार महिलाओं का कहना है कि माया राठौर 7-8 साल से माइक्रोफाइनेंस कंपनी में शाखा बनाए जाने के नाम पर 6 से 7 बैंकों में लोन दिलवा कर बैंक के बाहर निकासी की सम्पूर्ण राशि वापस ले लेती थी। सीटू नेता ने बताया कि माया देवी राठौर कुछ दिन तक कंपनी को मासिक किशत स्वयं चुकाती थी। किंतु 8-10 दिन से गांव से फरार हो चुकी है अब माइक्रोफाइनेंस कंपनी के एजेंट धोखाधडी की शिकार पीड़ितों के घर किशत वसूली के लिए डेरा जमा कर मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक महिला पर डेढ़ लाख रुपए से लेकर 4 लाख रुपए तक का कर्ज़ है। महिलाओं के पास संकट उत्पन्न हो गया है कि वह अपनी संपूर्ण चल एवं अचल संपत्ति को बेच करके भी इतनी बड़ी कर्ज की राशि का अदायगी कैसे कर पाएगी। महिलाओं ने यह भी जानकारी दिया कि माया देवी राठौर बैंक से किशत निकलवाने के बाद जब वापस ले लेती थी जिसकी जानकारी माइक्रोफाइनेंस कंपनी के एजेंट एवं शाखा प्रबंधक को समय-समय पर दिया जाता रहा है। माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट एवं शाखा प्रबंधक के द्वारा यह ढांढस दिया जाता रहा है कि माया देवी राठौर सुचारू रूप से किश्तों का चुकारा कर रही है। तुम्हें डरने की जरूरत नहीं है इससे तुम्हें फायदा ही फायदा है कि माया देवी राठौर संपूर्ण किस्त चुकाएगी और बैंक में तुम्हारी साख बन जाएगी आने वाले दिनों में तुम्हारे बाल बच्चों के शिक्षा एवं शादी विवाह में बड़ी रकम की जरूरत होगी तब बैंक बेहिचक तुम्हें लोन दे देगी। जिससे महिलाएं माइक्रो फाइनेंस बैंक के एजेंट एवं शाखा प्रबंधक के बातों में विश्वास करके आज ठगी की शिकार हो चुकी है। सीटू नेता ने पुलिस, जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश सरकार से मांग किया है कि इस धोखा धडी में शामिल शाखा प्रबंधक एजेंट एवं माया देवी राठौर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध करते हुए ।

संपूर्ण कर्ज की अदायगी माया देवी राठौर माइक्रोफाइनेंस कंपनी के एजेंट एवं शाखा प्रबंधक से वसूली कर गांव के भोली भाली महिलाओं को कर्ज से मुक्ति दिलाई जाए। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला प्रकोष्ठ के राज्य सचिव चन्दा देवी राठौर ने महिलाओं के साथ हुए स्कैम की घटना पर अफसोस जाहिर करते हुए धोखा धडी में शामिल लोगों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा पंजीबद्ध कर महिलाओं के ऊपर लादे गए कर्ज़ माया राठौर एवं माइक्रोफाइनेंस कंपनी के एजेंट एवं शाखा प्रबंधक से वसूली करने की मांग की है।

# बिजुरी में सम्पन्न हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा

### क्षेत्र के विकास में नही आयेगी कोई कमी- राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल



**बिजुरी।** नगरपालिका बिजुरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक-09 स्थित सब्जीमण्डी मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रदेश सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगरपालिका परिषद बिजुरी कि अध्यक्षा सहबिन पनिका एवं उपाध्यक्षा प्रीति सतीश शर्मा कि विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकतार्ओं सहित नगर के भिन्न-भिन्न वार्डों से सैंकड़ों कि संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

**आगामी समय में होंगे विभिन्न विकास कार्य-** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही सर्वप्रथम यह जानकारी एकत्रित किए कि अभी तक कितने पात्र हितग्राहियों को शासन कि योजनाओं से जोडा. गया है तत्पश्चात ही मंच पर विराजमान हुए। एवं उद्बोधन के दौरान मंत्री ने बताया कि आगामी समय में शीघ्र ही नगर वासियों को केंवई नदी का शुध्द पेय जल मिलेगा एवं नगर पालिका बिजुरी को नगर में 02 सिटी बस संचालन करने की बात भी कही है। साथ ही कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने आगामी समय में सीएम राईज स्कूल खुलवाने सहित नगर एवं विधानसभा व जिलाक्षेत्र में भिन्न-भिन्न विकाश कार्यों कि सौगात देने कि बात कही है।

**नगर के विकास मे नही आयेगी कमी-** मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिजुरी नगर एवं विधानसभा क्षेत्र के विकाश में किसी भी तरह कि कमी नही होने दिया जाएगा एवं मैं जिस विभाग से मंत्री के रूप में निर्वाचित हुआ हूं उस विभाग से भी सम्बंधित सभी कार्यों का लाभ आम नागरिकों को दिलाया जाएगा। मैं चाहता हूं कि हमारे नगर का प्रत्येक व्यक्ति शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाए और अगर किसी को भी किसी तरह कि कोई परेशानी आती है तो मैं उसके लिए हर पल खडा.रहूंगा। क्योंकि मैं प्रदेश सरकार में भले ही मंत्री हूं किन्तु मैं आपके लिए आज भी आपका भाई, चाचा और साथी मित्र ही हूं।

## खबर संक्षेप



### बरगवां हनुमान मंदिर में होगा भव्य राम कथा का आयोजन

**अनूपपुर।** बरगवां हनुमान मंदिर में कलश यात्रा पंचांग पूजा 19 जनवरी को हनुमान मंदिर बरगवां से प्रारंभ की जाएगी पूरे बरगवां में कलश यात्रा निकली जाएगी और कलश यात्रा वापसी होकर राम कथा का गायन किया जाएगा। जिस प्रकार राम जी 14 वर्ष के वनवास को पूर्ण कर के अयोध्या पधारे तो सम्पूर्ण अयोध्या वासी दीपावली उत्सव मनाने लगे आज पुनः वही स्वरूप अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का दिन है। समस्त भारत वासी आज इस उत्सव को पुनः अपने जीवन में संजोकर रख रहे इसी पुण्य कार्य में प्राचीन बरगवां हनुमान जी महाराज मंदिर प्रांगण में त्रिदिवसीय रामकथा का आयोजन हनुमान जी की प्रेरणा से प्रेरित होकर पंडित अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न होने जा रहा हैं। 19 जनवरी को कलश यात्रा पंचांग पूजन राम कथा प्रारंभ 20 जनवरी 2024 राम विवाह आदि कथा, 21 जनवरी रावण संहार अयोध्या आगमन कथा 22 जनवरी प्रतिष्ठा महोत्सव पूणार्हुति भंडारा होगा।

### अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराये डंपर चालक ने मौके पर ही तोड़ा दम



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कोलमी से शहडोल की तरफ जा रहा डंपर क्रमांक एमपी 18 एच 5149 ग्राम पसला के पास अनियंत्रित होकर आम के पेड़ में टकरा गया। जिससे इसमें चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय अनूपपुर भिजवाया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत गुरुवार को सड़क हादस में कोलमी से शहडोल की तरफ जा रहें डंपर क्रमांक एमपी 18 एच 5149 ग्राम पसला के पास अनियंत्रित होकर आम के पेड़ में टकरा गया। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि डंपर पलट गया और वाहन केबिन चपकने से वाहन चालक फंस गया। जिससे मौके पर मृत्यु हो गई। चालक की पहचान विश्राम प्रसाद कोल निवासी नौरोजाबाद जिला उमरिया के रूप में हुई है। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद चालक के शव को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला जा सका। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### राम जन्मभूमि दर्शन अभियान टोली की बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न



**अनूपपुर।** दुनिया में रहने वाले करोड़ों हिंदुओं का इंतजार समाप्त हुआ( 496 वर्ष बाद सपना पूरा हो रहा है। राम जन्मभूमि, कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ भारतीय जनता पार्टी के प्रस्ताव में प्रमुख रूप से रहा है। राम जन्मभूमि निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में संघ परिवार विश्व हिंदू परिषद एवं भारतीय जनता पार्टी की अहम भूमिका रही है विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के बाद जिम्मेदारी तय हुई और देश के सभी शंकराचार्य को एक मंच पर लाने में सफलता हासिल हुई ।

### समाजसेवी केदारनाथ सराफ का निधन

**कोतमा।** नगर के समाजसेवी 93 वर्षीय केदारनाथ सराफ का गुरुवार की देर शाम निधन हो गया । उनके निधन की खबर लगते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई । केदारनाथ सराफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आदिशक्ति पंचायती मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर में महत्वपूर्ण पदों में रहकर समाज सेवा का कार्य कर चुके हैं । वह काफी दिनों से लंबी बीमारी से जूझ रहे थे । उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को परिवार के निजी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

**जीवनदायनी संकुल संगठन राजेन्द्रग्राम**
विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर म.प्र.
ई-मेल:jeevandaynicifrajendragram@gmail.com

**विज्ञप्ति**

म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला अनूपपपुर विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत संचालित जीवन दायनी संकुल संगठन राजेन्द्रग्राम द्वारा एक नग न्यू मॉडल / उच्च मानक, सिंगल सिलेण्डर (वाईब्रो) - रोड रोलर ' क्रय किया जाना है, अतएव सामग्री प्रदाय कर्ता फर्मो से समाचार पत्रों के निविदा आमंत्रित की जाती है-
1. निविदा का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र पर उपलब्ध है, जिसमें निविदा संबंधी शर्ते व नियम दिये गये हैं, जिसको राशि 5000 /- रुपए कार्यालय जीवन दायनी संकुल स्तरीय संगठन मतस्य विभाग के सामने राजेन्द्रग्राम में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये निम्नानुसार तिथिया निर्धारित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. निविदा क्रय करने की प्रारम्भ तिथि | - | 12-01-2024 |
| 2. निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि | - | 25-01-2024 |
| 3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 26-01-2024 |

प्राप्त निविदाओं को दिनांक 27-01-2024 को खोली जायेगी एवं दिनांक........को परीक्षण कर पात्र फर्म को क्रय आदेश जारी किया जायेगा।

उर्मिला परस्ते
अध्यक्ष जीवन दायनी संकुल संगठन राजेन्द्रग्राम
जिला अनूपपुर (म.प्र.) मो.नं. 9644690811

प्रमिला सिंह कोषाध्यक्ष
जीवन दायनी संकुल संगठन राजेन्द्रग्राम
जिला अनूपपपुर (म.प्र.) मो.नं. 896454003

**Presiding Officer: रविन्द्र कुमार शिल्पी**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000025/2023)
मोहम्मद छोटे वगै. ....................आवेदक Vs
आमना श्री वगै. ................अनावेदक
Process Id-/2024
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 23/01 /2024
(1) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद छोटे वगै. पता ने मृतिका गुलसन निशा पति मोहम्मद छोटे निवासी वार्ड नं. 01 कोतमा थाना कोतमा तहसील कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र. का अनावेदक क्रमांक 02 भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोतमा के बचत खाता क्रमांक 1095853818-3 में संचित 2,86,557 ( दो लाख छियासी हजार पांच सौ सन्तावन रुपए) एवं एफ.डी. क्रमांक 3164414394-6 में जमा राशि 5,91,715 / - ( पांच लाख इक्यानबे हजार सात सौ पन्द्रह रुपये) के राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23 January 2024 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 January 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 08 January 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।

न्यायाधीश
रविन्द्र कुमार शिल्पी
मुद्रा व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें :-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।